09/09/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ वार्ता की। दोनों नेताओं ने बहुमुखी भारत-यूएई संबंधों और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नए और उभरते क्षेत्रों में व्यापक बनाने के अवसरों पर चर्चा की। वार्ता के बाद पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें अमीरात परमाणु ऊर्जा कंपनी और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच बराक परमाणु ऊर्जा संयंत्र संचालन और रखरखाव के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन शामिल है। अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस ने आज दोपहर राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उन्होंने भारत-यूएई के बीच ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए गहरी प्रशंसा व्यक्त की।

0000000000000000000

ईस्ट कामेंग जिले के अबो तानी कॉलोनी में शनिवार शाम को भीषण आग दुर्घटना मे 23 घर जलकर राख हो गए। आग शाम करीब 7 बजे कॉलोनी में स्थित एसपीटी बिल्डिंग से लगी और देखते ही देखते पूरे रिहायशी इलाके में फैल गई। स्थानीय लोगों, दमकल विभाग, पुलिस कर्मियों, सीआरपीएफ के जवानों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन वे 23 घरों को आग से नहीं बचा पाए।

जिला प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत सामग्री मुहैया कराई और टाइप-3 कॉलोनी के लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में एक अस्थायी राहत शिविर स्थापित किया है।

0000000000000000000

Arunachal Indigenous Tribes Forum ने राज्य में तत्काल प्रभाव से गोद लिए जाने वाले 12 सरकारी स्कूलों को अंतिम रूप दिया। यह निर्णय शनिवार को राज्य के समुदाय-आधारित संगठनों के साथ हुई बैठक के दौरान लिया गया।

0000000000000000000

केन्द्र ने देश के राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने मंकीपॉक्स से संबंधित विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य आपात की घोषणा की। मंत्रालय ने अपने परामर्श में मंकीपॉक्स को लेकर जागरूकता बढाने तथा लोगों में फैले डर को रोकने के लिए निवारक उपाय अपनाने पर बल दिया है। मंत्रालय ने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राज्य और जिला स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा विशेषकर जन स्वास्थ्य से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करने का परामर्श भी दिया।

राज्यों को संदिग्ध और पुष्ट दोनों मामलों की देखरेख के लिए अस्पतालों में पृथकवास सुविधाओं तथा आवश्यक लॉजिक्स्टिक्स और प्रशिक्षित मानव संसाधनों की उपलब्धता की पहचान करने को भी कहा गया है। श्री चंद्रा ने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय इस स्थिति की निगरानी करना जारी रखेगा और राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को हरसंभव समर्थन प्रदान करेगा। 0000000000000000000

सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत अब तक एक करोड 79 लाख गतिविधियां आयोजित की गई हैं। एक सितम्बर से शुरू पोषण माह इस महीने की 30 तारीख तक चलेगा। गुजरात से इस अभियान की शुरूआत हुई थी। इस दौरान खून की कमी, संतुलित विकास, पूरक आहार तथा **पोषण भी पढ़ाई भी** और बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के दौरान **एक पेड़ मां के नाम** पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके तहत 13 लाख 95 हजार आंगनवाडी केन्द्रों को पौधरोपण में शामिल किया जाएगा।

महिला और बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि अब तक पूरक आहार से संबंधित बीस लाख से अधिक गतिविधियां आयोजित की जा चुकी हैं। मंत्रालय के अनुसार देश भर के विभिन्न राज्यों के सात सौ 56 जिले सक्रिय रूप से जागरूकता अभियान में भाग ले रहे हैं और लोगों को पोषण संबंधी जानकारी दे रहे हैं।

0000000000000000000

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस रविवार को पूरे राज्य में मनाया गया। यूपिया के नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस कार्यक्रम में शामिल डीडीएसई टीटी तारा ने बताया कि पिछले दो वर्षों में लगभग 450 वयस्क शिक्षार्थियों ने कार्यात्मक साक्षरता और संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा उत्तीर्ण की है और राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय, नई दिल्ली से प्रमाण पत्र प्राप्त किए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने यूपिया के सरकारी बालिका आवासीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया।

इस अवसर पर पापुम पारे जिला उपायुक्त जिकेन बोमजेन ने कहा कि शिक्षा बदलाव का एक शक्तिशाली उपकरण है, खासकर युवा लड़कियों के लिए, जबकि आरजीयू हिंदी भाषा अधिकारी गुम्पी न्गुसो लोम्बी ने आपसी समझ और शांति के लिए बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देने पर बात की, जो इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का विषय है।

0000000000000000000

खुपा, ज़ीरो, तफ़रालियांग, हायुलियांग, मेले, गमलियांग, चिकरुलियांग, ब्लोम, नेनुलियांग और मेटेंगलियांग के ग्रामीणों और स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों सहित 42 प्रतिभागियों ने अंजाव केवीके द्वारा आयोजित 'value addition of locally available locally available underutilised vegetable - colocasia', पर एक सप्ताह के व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को उनके द्वारा सीखी गई रेसिपी तैयार करने के लिए सामग्री दी गई। भोजन तैयार करने के बाद, प्रतिभागियों ने अपने उत्पादों को पैक और लेबल भी किया, जिससे मूल्य संवर्धन प्रक्रिया में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। केवीके कर्मचारी डॉ सोइबाम पीटर सिंह, केवीके प्रमुख डॉ देबाशीष सासमल, संसाधन व्यक्ति पूजा सिंगनाले और कई अन्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

0000000000000000000